वृक्षारोपण शिविर

"साँसें हो रही हैं कम
आओ पेड़ लगाये हम"

इस भावना से दिनांक 25–07–2015 को अग्रवाल महाविद्यालय के प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूथ रेड क्रास क्लब के तत्वावधान में वृक्षारोपण शिविर का आयोजन किया गया. अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष श्री देवेन्द्र गुप्ता जी और महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता जी ने वृक्ष लगाकर इसका शुभारंभ किया. श्री देवेन्द्र गुप्ता जी ने स्वयंसेवक, सेविकाओं एवं वाई.आर.सी.सी. के विद्यार्थियों को औषधिपूर्ण वृक्षों का महत्व बताकर उन्हें पर्यावरण को हरा–भरा करने के लिए प्रेरित किया. विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ अपने महाविद्यालय प्रांगण में पौधे लगाये. इसके साथ साथ हरियाणा सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान "गो–ग्रीन" के तहत मुख्यमन्त्री श्री मनोहर लाल खट्‌टर के साथ पौधारोपण अभियान में सेक्टर 12 टाउन पार्क, फरीदाबाद में 600 विद्यार्थियों ने भाग लिया और वहाँ भी वृक्षारोपण किया. इस प्रकार हरियाणा सरकार द्वारा फरीदाबाद में दो लाख वृक्ष लगाने के अभियान के तहत पौधे लगा कर लोगो को अपनी धरती माँ को अधिक से अधिक पौधे लगाकर सुरक्षित रखने का संदेश भी दिया. यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी श्री रविन्द्र जैन, श्रीमती रितु, डॉ० रेखा सैन तथा एवं यूथ रेड क्रास क्लब के अधिकारी, डॉ० जयपाल सिंह, डॉ० उषा चौधरी एवं डॉ० विनोद राठी के निर्देशन में हुआ.

इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ० नरेश कामरा, डॉ० रामचन्द्र, डॉ० प्रवीन गुप्ता, डॉ० सचिन गर्ग, श्री मनमोहन सिंघला एवं अन्य प्रवक्तागण उपस्थित थे. विद्यार्थियों ने इस वृक्षारोपण शिविर के उद्‌देश्य को इस नारे से व्यक्त किया –

कड़ी धूप में जलते पाँव, होंगे पेड़ तो मिलेगी छाँव.